## प्रधानमंत्री ने कुशीनगर में अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे का लोकार्पण व महात्मा बुद्ध मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास किया

# यूपी में माफिया माफी मांग रहे: मोदी

कुशीनगर | **वरिष्ठ संवाददाता**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को उत्तर प्रदेश को तीसरे इंटरनेशनल एयरपोर्ट की सौगात दी। उन्होंने कहा कि उड़ान योजना के तहत देश में हवाई सेवाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है। इस मौके पर अपने संबोधन में उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ करते हुए कहा कि आज योगी सरकार में माफिया माफी मांग रहे हैं तो सबसे अधिक दर्द माफियावादियों को हो रहा है। इससे पहले की सरकारों में माफिया को खुली छूट थी। खुली लूट की इजाजत थी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में देश में 200 एयरपोर्ट और सी-प्लेन पोर्ट का नेटवर्क तैयार होगा। पांच एयरपोर्ट पर फ्लाइट एकेडमी भी खुलेगी। पीएम ने कहा कि चार साल पहले शुरू हुई उड़ान योजना के तहत अब तक हवाई सेवा के लिए 900 से अधिक रूट स्वीकृत हो चुके हैं, जिनमें से 350 से अधिक रूट पर सेवा शुरू भी हो चुकी है। देश में 50 एयरपोर्ट चालू हो चुके हैं।

> “ भारत, विश्व भर में फैले बौद्ध अनुयायियों की अस्था का केन्द्र है। कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट उनकी श्रद्धा को पुष्पांजलि है।
>
> **-नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

तथागत बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली पर कुशीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट का लोकार्पण और महात्मा बुद्ध मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास करने के बाद प्रधानमंत्री ने कहा कि श्रीलंका के विमान का कुशीनगर में उतरना इस धरती को नमन करने जैसा है। श्रीलंका से आए लोगों का कुशीनगर गर्व के साथ स्वागत कर रहा है।

पीएम ने कहा कि कुशीनगर का एयरपोर्ट आशाओं और अपेक्षाओं का परिणाम है। इसकी आज खुशी दोहरी है। पूर्वांचल के प्रतिनिधि के चलते कमिटमेंट पूरा होने की घड़ी है। उन्होंने कहा कि कुशीनगर एयरपोर्ट सिर्फ एयर कनेक्टिविटी का साधन नहीं बनेगा, बल्कि किसान, उद्यमी सभी को लाभ मिलेगा। पर्यटन को सर्वाधिक लाभ होने वाला है। क्षेत्र के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बनेंगे। अब होटल, अस्पताल, इंटरनेट सेवा में सुधार हो रहा है। एयरपोर्ट सिर्फ कनेक्टिविटी का साधन नहीं बनेगा, बल्कि किसान, उद्यमी सभी को लाभ मिलेगा।

बुद्ध भूमि पर पीएम पेज 11



कुशीनगर में बुधवार को महापरिनिर्वाण मंदिर में अभिधम्म दिवस पर भगवान बुद्ध को श्रद्धासुमन अर्पित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### यूपी में नौ एयरपोर्ट क्रियाशील, 11 पर काम : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2014 तक उत्तर प्रदेश में सिर्फ दो एयरपोर्ट क्रियाशील थे। उत्तर प्रदेश की कनेक्टिविटी 15 से 16 शहरों तक की ही थी। आज प्रदेश में कुशीनगर 9वें एयरपोर्ट के रूप में क्रियाशील हुआ है। उत्तर प्रदेश के हवाई अड्डों से 75 प्रमुख शहरों के लिए सीधी हवाई सेवा है। सीएम ने कहा कि प्रदेश में 11 नए एयरपोर्ट पर काम हो रहा है। नोएडा और अयोध्या में इंटरनेशनल एयरपोर्ट की कार्य प्रक्रिया को युद्ध स्तर पर आगे बढ़ाया जा रहा है।

**200** एयरपोर्ट और सीप्लेन पोर्ट का नेटवर्क बनेगा

**900** से अधिक रूट हवाई सेवा के लिए स्वीकृत

### सौगात

प्रधानमंत्रीने कहा कि भगवान बुद्ध के जुड़े स्थलों के विकास और एयर कनेक्टिविटी को लेकर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कुशीनगर से कपिलवस्तु भी पास ही है। भगवान ने जहां पहला संदेश दिया, वह 250 किमी के दायरे में है, जहां उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई वह भी चंद घंटों की दूरी पर है।

### सियासत

पीएम ने बगैर किसी का नाम लिए कहा कि यूपी के लोग अच्छी तरह जानते हैं कि कुछ लोगों की पहचान समाजवादी की नहीं, परिवारवादी की बन गई है। इन लोगों ने सिर्फ अपने परिवार का भला किया, समाज का हित भूल गए।